

नवभारत
भोपाल, मंगलवार 9 जून, 2026

# सिविल सर्जन व सीएमओ के वेतन रोके गए

## टीएल की बैठक में कलेक्टर के निर्देश, स्वास्थ्य सेवाओं और विभागीय कार्यों की असंतोषजनक प्रगति को लेकर निर्देश

नवभारत न्यूज

**सागर 8 जून. कलेक्टरेट सभागार में आयोजित समय-सीमा बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने शासकीय योजनाओं की प्रगति और जनसमस्याओं के निराकरण को लेकर कई अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने और दो अधिकारियों का वेतन आगामी आदेश तक रोकने के कड़े निर्देश दिए हैं.**

बैठक के दौरान विभिन्न विभागों के कार्यों में पाई गई विसंगतियों और लापरवाही को देखते हुए कलेक्टर ने तत्काल प्रभाव से दो महत्वपूर्ण विभागों के प्रमुखों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की.



लगातार दिए गए निर्देशों के बावजूद समय सीमा बैठक में अनुपस्थित रहने और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित स्वास्थ्य सेवाओं और विभागीय कार्यों की असंतोषजनक प्रगति के कारण सिविल सर्जन का वेतन आगामी आदेश तक रोकने के निर्देश दिए गए. इसी प्रकार सीएमओ कर्रापुर द्वारा कार्यों की अनदेखी करने और लंबित प्रकरणों को क्लियर न करने पर उनका वेतन भी तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक रोक दिया गया. राजस्व मामलों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने पाया कि नामांतरण और सीमांकन जैसे आम नागरिक से सीधे जुड़े कार्यों में काफी समय से मामले लंबित हैं.

उन्होंने निर्देश दिये कि नामांतरण के प्रकरणों में जिन राजस्व अधिकारियों के पास 3 से 6 महीने से मामले लंबित हैं, उन्हें तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी किए जाएं. सीमांकन के लंबित मामलों को तत्काल पूर्ण करने की हिदायत देते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि राजस्व दल (आरआई और पटवारी) अतिशीघ्र फील्ड वेरिफिकेशन पूरा कर काम को अंतिम रूप दें, आगामी 20 जून तक सीमांकन से संबंधित सभी कार्य पूर्ण हों. बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की और अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए. संबल 2.0 के अंतर्गत पंजीयन की बारीकी से जांच की जाए. तीन दिवस के भीतर सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत और मुख्य नगरपालिका अधिकारी लंबित पंजीयन क्लियर करना सुनिश्चित करें. आगामी समीक्षा बैठक में यदि किसी अधिकारी के पास इस योजना के मामले लंबित पाए गए, तो उनके खिलाफ कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी. इसी प्रकार सामान्य मृत्यु के मामलों में मिलने वाली 2 लाख रुपये और दुर्घटना मृत्यु के मामलों में मिलने वाली 4 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता राशि के प्रकरणों का 7 दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से निपटारा किया जाए. श्रमयोगी मानधन योजना योजना के अंतर्गत प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित कर प्रगति लाने के निर्देश दिए गए. जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अपूर्ण और प्रगतिरत कार्यों की गहन समीक्षा की गई.

# क्षेत्रीय कार्यकारिणी की प्रथम बैठक व कार्यशाला

## सागर में आयोजित बैठक में एक दर्जन से अधिक पदाधिकारी शामिल

नवभारत न्यूज

**सागर 8 जून. भारतीय जैन मिलन क्षेत्र क्रमांक-10, प्रथम क्षेत्रीय कार्यकारिणी बैठक एवं कार्यशाला का आयोजन हुआ.**

मुख्य अतिथि कमलेंद्र जैन राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अतिविशिष्ट अतिथि इंजी. आरके जैन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि अरूण चंदेरिया, राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री यूसी जैन राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री थे. चित्र अनावरण महेश जैन, राष्ट्रीय संयोजक एवं दिनेश जैन अध्यक्ष जैनमिलन मकरोनिया द्वारा किया गया. अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष कविता ऋषभ जैन द्वारा की गई. कार्यक्रम में क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय जैन क्षेत्रीय कोआर्डीनेटर ऋषभ जैन, क्षेत्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, दिनेश चौधरी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मनीष जैन विद्यार्थी, अतिवीर संजीव जैन दिवाकर, क्षेत्रीय मंत्री



जिनेश जैन बहरोल, क्षेत्रीय मंत्री, क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष, प्रमोद जैन भायजी, क्षेत्रीय महिला चेयरपर्सन ममता प्रमोद जैन, क्षेत्रीय मुख्य संयोजक सवन जैन, रश्मि आनंद जैन, क्षेत्रीय मुख्य संयोजिका मंचासीन थीं.

संचालन जिनेश जैन एवं ममता प्रमोद जैन द्वारा किया. महावीर प्रार्थना जैन मिलन महिला नेहानगर द्वारा, स्वागत गीत अनाया जैन द्वारा एवं कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति जैन मिलन महिला सुभाषनगर की बहनों द्वारा दी गई. स्वागत भाषण क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मनीष विद्यार्थी, अध्यक्षीय उद्बोधन क्षेत्रीय अध्यक्ष कविता ऋषभ जैन एवं प्रगति प्रतिवेदन क्षेत्रीय मंत्री जिनेश जैन द्वारा प्रस्तुत किया. कार्यशाला के दौरान, शाखा की कार्यपद्धति शाखा की बैठक का महत्व एवं बैठक की प्रोसिडिंग कैसे लिखें, मीडिया में न्यूज कैसे दें, एक कार्यक्रम का आयोजन करते वक्त क्या-क ?या सावधानियां रखनी चाहिए.

# तहसीलदार को निलंबित किया

नवभारत न्यूज

**शाहगढ़ 8 जून. कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने तत्कालीन तहसीलदार शाहगढ़ (वर्तमान प्रभारी नायब तहसीलदार, तहसील कार्यालय बंडा) ज्ञानचंद राय को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है.**

यह कार्यवाही पदीय कर्तव्यों के दुरुपयोग करने, भू-राजस्व संहिता के विपरीत और अधिकारिता विहीन आदेश पारित करने पर की गई है. जारी निलंबन आदेश के अनुसार, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रस्ताव के आधार पर यह कदम उठाया गया है. तत्कालीन तहसीलदार शाहगढ़ एवं वर्तमान प्रभारी नायब तहसीलदार श्री राय द्वारा अपनी पदीय शक्तियों का स्पष्ट दुरुपयोग किया गया था. कलेक्टर से प्राप्त प्रस्ताव के अवलोकन एवं बारीकी से परिशीलन करने के उपरांत, श्री राय प्रथम दृष्टया दोषी पाए गए हैं. प्रभारी नायब तहसीलदार द्वारा किया गया उक्त कृत्य पदीय दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही, अनुशासनहीनता व स्वेच्छाचारिता को दर्शाता है. कदाचरण के चलते निलंबित करने के आदेश जारी किए हैं.

## मत्स्याखेट पर प्रतिबंध

**सागर.** मछलियों के प्राकृतिक प्रजनन और जलीय पारिस्थितिकी संरक्षण के लिए 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि में जिले की सभी नदियों और उनसे जुड़े जलाशयों में मत्स्याखेट पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा. उक्त आदेश कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने दिया. वर्षा ऋतु में मछलियों की वंशवृद्धि के दृष्टिकोण से उन्हें संरक्षण देने हेतु 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु क्लोज सीजन के रूप में अधिघोषित किया गया है. जल की परिभाषा के अंतर्गत नहीं लाया गया है को छोड़कर नदियों जलाशयों में बंद ऋतु में पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा.

# रजाखेड़ी स्कूल से पंखा चोरी करते पकड़ा

नवभारत न्यूज

**सागर 8 जून. मकरोनिया के रजाखेड़ी उच्चतर माध्यम विद्यालय में एक चोर घुसा और कमरे का ताला तोड़कर पंखे खोलकर ले जाने लगा, चोर ने स्कूल की बेंच ले जाने का भी प्रयास किया लेकिन भारी होने की वजह से नहीं ले जा सका.**

जानकारी के अनुसार लेकिन पंखा लेकर जैसे ही स्कूल की टूटी बाउंड्री से निकलने लगा तो स्थानीय लोगों ने देख लिया और पुलिस को सूचना दे दी. मौके पर पहुंची मकरोनिया पुलिस चोर को अपने साथ ले गई. वही स्कूल



प्रबंधन की और से शिक्षकों ने भी चोरी का आवेदन थाने में दिया है. जब तक मौके पर पुलिस पहुंची तब तक चोर ने स्थानीय लोगों को काफी डराया. चोर कहता रहा की अगर पकड़ा तो खुद को जख्मी कर लूंगा, और आरोप तुम लोगों पर होगा. इस दौरान एक व्यक्ति ने हिम्मत दिखाई और चोर के प्रति सहानुभूति दिखाते हुए उसे समझाया तब कही चोर शांत हुआ और वहीं बैठ गया.

इतने में पुलिस आ गई और उसे साथ ले गई, दिनदहाड़े हुई इस वारदात से स्थानीय लोग भी डर गए, क्योंकि इसी चोर पर कुछ दिन पहले एक घर से पाइप चुराने का भी आरोप लग रहा है.

# संभावित चातुर्मास को लेकर बैठक

नवभारत न्यूज

**सागर 8 जून. बुंदेलखंड के प्रथमाचार्य विभव सागर महाराज के संभावित वर्षाकालीन चातुर्मास को लेकर कटरा नमक मंडी स्थित गौराबाई दिगंबर जैन मंदिर मे बैठक आयोजित की गई.**

बैठक मे आचार्य श्री के संभावित चातुर्मास को देखते उपस्थित साधर्मी बंधुओ ने तैयारियो को लेकर चर्चा की. बैठक का संचालन अशोक सेठ ने किया. बैठक मे संतोष जैन घड़ी, देवेन्द्र जैन, अशोक शाह, इंद्र कुमार नायक, तरूण कोयला, सुरेश सांधेलिया, संतोष रांधेलीय, सुरेंद्र खुर्देलीय, महेन्द्र जैन बहरोल, मनोज बंगेला, असीम सिंघई, श्रेणिक जैन, राजीव सिंघई, पराग जैन, संजय शास्त्री, नवीन जैन, नीतेश चौधरी, मनीष जैन, सिंथिल पडेले, आशीष मरैया, रक्षा जैन मंजू जैन, मुक्ता जैन, सविता जैन, माया जैन आदि शामिल हुए. आचार्यश्री का इंदौर से विहार चल रहा है. जुलाई माह के प्रथम सप्ताह मे आचार्य संघ के सागर आगमन संभावित है. प्रतिनिधिमंडल विहार के दौरान आचार्यश्री को वर्षाकालीन चातुर्मास के लिए श्रीफल भेंट करने जायेगा.

# एक पेड़ माँ के नाम अवश्य लगाएं : डॉ. तिवारी

नवभारत न्यूज

**सागर 8 जून. स्वामी विवेकानंद परिसर सिरोंजा में एक पेड़ माँ के नाम पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजन किया गया.**

स्वामी विवेकानंद विवि के संस्थापक कुलगुरू डॉ. अनिल तिवारी ने कहा कि धरती माँ का कर्ज चुकाएं, अपनी माँ के नाम पर एक पौधा जरूर लगाएं. यह कार्यक्रम बेहद खास है, बेहद अनोखा है और हमारे दिलों के सबसे करीब है. प्रदेश महिला मोर्चा उपाध्यक्ष डॉ. नंदिता पाठक ने कहा कि पौधे केवल वृक्ष नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन, स्वच्छ वायु और सुरक्षित




पर्यावरण का आधार हैं. हमारा कर्तव्य होना चाहिए कि जब हम किसी पौधे को अपनी माँ का नाम देते हैं, तो आप उसे सिर्फ मिट्टी में रोपते नहीं हैं, बल्कि आप उसके साथ भावनात्मक रूप से जुड़ जाते हैं. इस अवसर पर आभार ज्ञापन कपिल उपाध्यय द्वारा दिया गया. इस अवसर पर सोनू ठाकुर, शुभम चैधरी, राजकुमार पांडया, गगन ठाकुर, वीरेन्द्र गौतम एवं नीरज यादव उपस्थित रहीं.

# कार्यकारिणी बैठक आयोजित



नवभारत न्यूज

**सागर 8 जून. अखिल भारतीय सर्व चढ़ार-चिढ़ार समाजसभा की बैठक जिला अध्यक्ष प्रहलाद चढ़ार के निवास ग्राम हप्सीली में आयोजित की गई.**

बैठक की अध्यक्षता बेणीराम चढ़ार ने की. मुख्य अतिथि शिक्षक शिवलाल चढ़ार उपस्थित रहे. इस अवसर पर कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया. इसमें डॉ. नाथूराम आठ्या को उपाध्यक्ष, आनंद आठ्या को सचिव, कैलाश आठ्या को कोषाध्यक्ष तथा नारायण चढ़ार को सह-सचिव नियुक्त किया गया. वहीं बेणीराम चढ़ार एवं चित्तर सिंह को वरिष्ठ संरक्षक बनाया. बैठक में रमाकांत आठ्या, राजेंद्र आठ्या आदि मौजूद थे.

# धर्मशाला निर्माण का आय-व्यय ब्यौरा दिया

नवभारत न्यूज

**बीना 8 जून. स्वामी बांके बिहारी यादव सेवा समिति के तत्वावधान में यादव समाज की बैठक का आयोजन किया.**

बैठक में फुटेरा रोड में निर्माणाधीन बांके बिहारी धाम, श्री राधा-कृष्ण मंदिर एवं यादव समाज की धर्मशाला के निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी दी. बैठक में समाज के उत्थान और सामाजिक सुधार से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए. पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रत्येक व्यक्ति के जन्मदिवस पर 11 पौधे लगाने का संकल्प लिया. वहीं समाज में व्याप्त मृत्युभोज



जैसी कुरीतियों को समाप्त करने का आह्वान करते हुए सभी से सामाजिक परंपराओं को अपील की. बैठक में महिलाओं ने भी बालिकाओं की शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक गतिविधियों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर विचार रखे. बैठक के दौरान समिति के तीन वर्षीय कार्यकाल की समीक्षा की. वर्तमान अध्यक्ष सतीश यादव को सर्वसम्मति से पुन: निर्विरोध अध्यक्ष चुना. बैठक में कई ग्रामों के समाजजन मौजूद थे.

# वेयरहाउस में अनियमितताओं को लेकर कांग्रेस का ज्ञापन



नवभारत न्यूज

**सागर 8 जून. मकरोनिया के लक्ष्मी नगर स्थित श्री देव प्रभा वेयरहाउस में गेहूं की बोरियों में मिट्टी पाए जाने तथा साईंखेड़ा वेयर हाउस में वरती जा रहीं अनियमितताओं की उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्यवाही की मांग को लेकर नगर दंडाधिकारी गगन बिसेन को ज्ञापन सौंपा.**

जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अशरफ खान ने कहा कि जांच पूर्ण होने तक संदिग्ध गेहूं के वितरण एवं आगे के उपयोग पर रोक लगाने के निर्देश जारी किए जाएं के साथ ही दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जावें. इस दौरान रवि उमाहिया, रोहित वर्मा, राकुल कुशवाहा, इंजी.सत्यम सिंह आदि मौजूद थे.

## तीन दिनी कैडर कैंप शुरु

**ललितपुर.** डॉ आंबेडकरराष्ट्रीय अधिवक्ता संघ भारत के तत्वाधान में तीन दिवसीय राष्ट्रीय कैडर यूथ हॉस्टल मंसूरी झील मसूरी उत्तराखंड में हो ने जा रहा है. जिसमें लगभग भारत के सभी प्रांतों के राष्ट्रीय संयोजक संयोजक जिला संयोजक सदस्य, अधिवक्ता के अलावा मिशन विचारक समाज सेवी भाग ले रहे हैं. यह जानकारी जिला संयोजक रामगोपाल अहिरवार एड.ने दी.

## समिति गठित

**सागर.** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा 21 जून को नीट पुनर्परीक्षा 2026 आयोजित की जा रही है. नीट पुनर्परीक्षा के संचालन हेतु कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है. समिति में एसपी, डीईओ, असिस्टेंट सेंट्रल इंटेलीजेंस ऑफिसर रहेंगे.

# प्रदूषण के लिए हम सब जिम्मेदार : डॉ. जैन

नवभारत न्यूज

**सागर 8 जून. शासकीय कला एवं वाणिज्य अग्रणी महाविद्यालय में व्याख्यान माला का समापन हुआ.**

इस दौरान विषय विशेषज्ञों ने पर्यावरण संरक्षण और मानव की भूमिका पर गहन प्रकाश डाला. इस ज्ञानवर्धक आयोजन में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया. मुख्य वक्ता डॉ. सुबोध जैन ने कहा कि आज पृथ्वी पर बढ़ते प्रदूषण के लिए मुख्य रूप से मनुष्य ही जिम्मेदार है. औद्योगीकरण, वाहनों का अत्यधिक उपयोग, वनों की अंधाधुंध कटाई, प्लास्टिक का बढ़ता चलन और प्राकृतिक संसाधनों का बेतरतीब दोहन पर्यावरण को लगातार गर्त में धकेल रहा है.




प्राचार्य एवं विषय विशेषज्ञ डॉ. सरोज गुप्ता ने कहा कि पर्यावरण के बिना जीवन की कल्पना करना भी असंभव है. हमें जीवित रहने के लिए शुद्ध वायु, स्वच्छ जल, भोजन और अनुकूल वातावरण प्रकृति से ही मिलता है. पेड़-पौधे, नदियाँ, पर्वत और जीव-जंतु मिलकर इस धरा पर जीवन का संतुलन बनाए रखते हैं. डॉ. मयंक रूसिया ने कहा कि पर्यावरण हमारी सबसे अनमोल धरोहर है, स्वच्छ हवा, शुद्ध जल और हरियाली ही हमारे जीवन का असली आधार हैं. इन समस्त कार्यक्रमों का संचालन रसायन विभाग की सहायक प्राध्यापक एवं कार्यक्रम की सह-संयोजक डॉ. शुचिता अग्रवाल के सहयोग से सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ. कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों और प्राध्यापकों ने पर्यावरण को स्वच्छ रखने, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने और हर वर्ष कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने का सामूहिक संकल्प लिया.

# समर कैंप का आयोजन



नवभारत न्यूज

**गढ़ाकोटा 8 जून. एक संस्था सरस्वती कंप्यूटर एक्टिविटी सेंटर द्वारा बच्चों को समर कैंप लगाकर विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में भाग देकर उन्हें प्रशिक्षित करने का कार्य किया जाता है.**

कैंप में लड़कियों को सेल्फ डिफेंस के माध्यम से उन्हें आत्मरक्षा के उपाय सिखाए जाते हैं जिनमें तलवारबाजी लाठी चलाना शामिल रहता है. वही छोटे बच्चों का मुख्य प्रशिक्षन रोलर स्केटिंग परिचालन पर केंद्रित रहता है, जिसमें सैकड़ो बच्चे स्केटिंग चलाने का गुर सीखते हैं, जो आगे जाकर पतिरंगा यात्रा में संपूर्ण नगर भ्रमण स्केटिंग पहनकर करते हैं. बालिकाओं को मार्शल आर्ट के साथ-साथ मेहंदी ब्यूटीशियन प्रशिक्षण संस्था के अंदर प्रदान किए जाते हैं. कंप्यूटर शिक्षा का व्यवहारिक ज्ञान, सामान्य ज्ञान का अध्ययन मौखिक एवं लिखित प्रश्नों का उत्तर देना, मंच संचालन, मंच पर भाषण देना, एवं कई अन्य प्रकार की पर्सनालिटी डेवलपमेंट एक्टिविटी इसी दौरान कराई जाती हैं.

**वर्षा पूर्व तैयारी** — नपा द्वारा कीटनाशक पाउडर आदि दवाओं का छिड़काव किया जा रहा

# शहर में जलभराव स्थलों की सफाई पर विशेष ध्यान केंद्रित करें

नवभारत न्यूज

**खुरई 8 जून. आगामी वर्षा ऋतु प्रारंभ के पूर्व नगर पालिका परिषद द्वारा संपूर्ण नगरीय क्षेत्र में एक अभियान चलाया जा रहा है.**

नगर के विभिन्न वार्डों में संभावित जलभराव वाले स्थलों, नाला-नालियों एवं सार्वजनिक क्षेत्रों की प्राथमिकता के आधार पर व्यापक साफ-सफाई सुनिश्चित की जा रही है. चलाए जा रहे इस विशेष अभियान के अंतर्गत नगर के प्रत्येक वार्ड का सर्वे कर ऐसे



स्थानों को चिन्हित किया जा रहा है जहां वर्षा के दौरान जलभराव की संभावना बनी रहती है. चिन्हित स्थलों पर सफाई अमले द्वारा विशेष रूप से नालों की गाद निकासी, नाला-नालियों की सफाई, कचरा हटाने तथा जल निकासी मार्गों को अवरोध मुक्त करने का कार्य किया जा रहा है, ताकि वर्षा के समय नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े. सीएमओ राजेश मेहतेले के मार्गदर्शन में संचालित इस विशेष अभियान के अंतर्गत अब तक नगर के लगभग 15 वार्डों में नाला-नालियों एवं जलभराव स्थलों की गहन सफाई कराई जा चुकी है.

अभियान की प्रगति एवं कार्यों की गुणवत्ता का नियमित स्थल निरीक्षण उपयंत्री शैलेंद्र सिंह एवं स्वच्छता पर्यवेक्षक नीतेश श्रीवास्तव द्वारा किया जा रहा है.

नागरिकों से भी अपील की है कि वे स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें तथा नालियों एवं सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न फेंकें. यह विशेष अभियान आगामी दिनों में भी निरंतर जारी रहेगा, जिससे मानसून के दौरान जल निकासी व्यवस्था सुचारू बनी रहे, सुरक्षित, स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध हो सके.

# स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को लेकर चर्चा

नवभारत न्नवभारत न्यूज

**सागर 8 जून. सागर एवं बुंदेलखंड क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और उन्नयन को लेकर विधायक शैलेंद्र जैन ने भोपाल प्रवास के दौरान सीएम डॉ. मोहन यादव से सौजन्य भेंट कर चर्चा की गई.**

इस दौरान विधायक जैन ने बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में स्वीकृत सुपर स्पेशलिटी स्वास्थ्य सेवाओं को शीघ्र मूर्त रूप देने का आग्रह किया. विधायक श्री जैन ने मुख्यमंत्री को बताया कि सागर सहित पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र के हजारों मरीज गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए भोपाल, इंदौर,



नागपुर एवं अन्य बड़े शहरों पर निर्भर हैं. ऐसे में बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार क्षेत्रवासियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा. उन्होंने हृदय रोगियों के उपचार के लिए कैथ लैब की स्थापना, न्यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी सहित अन्य सुपर स्पेशलिटी सेवाओं को शीघ्र प्रारंभ किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया. बैठक के दौरान विधायक श्री जैन ने सागर में प्रस्तावित कैंसर हॉस्पिटल की प्रशासकीय स्वीकृति शीघ्र प्रदान करने का भी आग्रह किया. उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि उनकी मांग पर राज्य शासन द्वारा सागर में कैंसर अस्पताल निर्माण की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है, किंतु प्रशासकीय स्वीकृति अभी लंबित है.

कैंसर अस्पताल की स्थापना से मरीजों को राहत और आधुनिक उपचार सुविधा मिलेगी.